शहीद सम्मान यात्रा

चर्चा में क्यों?

15 नवंबर, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने सवाड़, चमोली में सैन्यधाम निर्माण हेतु आयोजित शहीद सम्मान यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सवाड़ गाँव स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई तथा शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शहीदों के अभूतपूर्व योगदान को हमेशा याद रखने के लिये उत्तराखंड की वीरभूमि में एक सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है।
- सभी 13 जनपदों के शहीद सैनिकों के घर के आंगन की मिट्टी लाकर उसे सैन्य धाम के निर्माण में शामिल कर उनके बलिदान से आगामी पीढ़ियों को प्रेरणा प्रदान करने का कार्य करेंगे।
- उन्होंने कहा कि आज एक लाख 15 हज़ार उत्तराखंड के जवान देश सेवा में लगे हैं। 05 लाख सैनिक परिवार उत्तराखंड में हैं। इस भूमि से एक परमवीर चक्र, 06 अशोक चक्र, 13 महावीर चक्र प्राप्तकर्त्ता उत्तराखंड की भूमि से हैं।
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि वीर शहीदों के सम्मान में राज्य सरकार देहरादून में भव्य सैन्य धाम बनाने जा रही है। इस सैन्य धाम का शिलान्यास करने के लिये प्रत्येक शहीद के घर के आंगन से पवित्र मिट्टी को कलश में एकत्र कर सम्मान के साथ देहरादून लाया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि ज़िले में ब्लॉक-वाइज शहीद सैन्य समारोह आयोजित किये जाएंगे, जिसमें आज (15 नवंबर को) देवाल और थराली ब्लाक का सम्मान कार्यक्रम शहीद स्मारक सवाड़ में शुभारंभ किया गया है।
- राज्य के सभी 13 ज़िलों मे यह यात्रा चलेगी। इस दौरान सभी शहीदों के परिवारों को जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर ताम्रपत्र भेंट कर सार्वजनिक समारोह में सम्मानित भी किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shaheed-samman-yatra